हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार,15 दिसंबर, 2023

12 बार एसोसिएशन का चुनाव आज प्रधान व सचिव पद के लिए होगा मुकाबला



12 जिले की टीमों ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाया



## खबर संक्षेप

### श्रीश्याम बाबा का जागरण आज

**नारनौल।** श्री बांके बिहारी सेवा समिति के तत्वावधान में शुक्रवार रात को श्रीश्याम बाबा का जागरण मोहल्ला फ्रांसखाना में किया जाएगा। जिसमें मुख्य यजमान कमल जैन व शिवकुमार जैन होंगे। इस बारे में लीलाराम बंसल ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री बांके बिहारी जी भगवान करेंगे।

### लॉर्ड कृष्णा स्कूल सिहमा में प्रतियोगिता 17 को

**नारनौल।** लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल सिहमा में 17 दिसंबर को स्कूल ग्रांउड में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता पंचायती प्रतियोगिता होगी। जिसमें एक गांव से एक टीम ही हिस्सा ले सकेगी। यदि कोई दूसरे गांव का खिलाड़ी अन्य गांव की ओर से खेलता मिल जाएगा, तो उस टीम को खारिज कर दिया जाएगा। सभी खिलाड़ी अपना आधार कार्ड साथ लेकर आए। प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल के डायरेक्टर पृथ्वी सिंह की देखरेख में किया जाएगा।

### छह किसानों के 85 नोजल व 3 नलकी चोरी

**महेंद्रगढ़।** जिले के गांव खायरा से चोरों ने 66 किसानों के 85 नोजल व तीन नलकी चोरी कर ली। सदर थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में ग्रामीणों ने बताया कि 11 और 12 दिसंबर की रात को अज्ञात चोर उनके खेत से नोजल व नलकी चुरा ले गए हैं। चोर किसान कृष्ण कुमार के खेते से 12 नोजल, सुमेर सिंह की 18 नोजल, किसाना रणधावा की 10 नोजल, किसान रामकिशन की 22 नोजल, हवासिंह की 10 नोजल तथा धर्मबीर की 13 नोजल व तीन नलकी चुरा ले गए हैं।

### नोजल-फव्वारा चोरी करने के आरोप में 3 गिरफ्तार

**नारनौल।** खेत से नोजल-फव्वारा चोरी करने के मामले में थाना निजामपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान सुनील उर्फ कालुनाथ व सजननाथ वासी आसमपुर थाना पाटन, सुनील उर्फ राहुलनाथ वासी बनीठी थाना पनियाला के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपितों को जलमहल के पास से गिरफ्तार किया। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### आप पार्टी की बदलाव यात्रा आज से

**महेंद्रगढ़।** आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा 15 दिसंबर से महेंद्रगढ़ में बदलाव यात्रा ईब हरियाणा के लाल नै, एक मौका केजरीवाल नै की शुरुआत करेंगे।



उनके साथ आम आदमी पार्टी यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष यादव भी यात्रा का आगाज करेंगे। इसका समापन 24 दिसंबर को कैथल में होगा। इस दौरान वे 21 विधानसभाओं में जनसभा कर आम आदमी पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाने का काम करेंगे।

### पीपीपी में जल्द करवाएं बच्चों के नाम अपडेट

**मंडी अटेली।** खंड विकास एवं पंचायत विभाग सिहमा का कहना है कि पीपीपी पोर्टल पर बहुत से परिवार पहचान पत्रों में बच्चों का नाम सही नहीं है। पीपीपी में बच्चों के वास्तविक नाम की जगह बेबी ऑफ करके माता-पिता का नाम लिखा हुआ है। इस कारण पीपीपी में आपत्ति लगने की संभावना बनी हुई है। विभाग का कहना है कि जिनके परिवार पहचान पत्र में ऐसा है तो वे तुरंत अपने बच्चे का वास्तविक नाम दर्ज करवाएं। यह कार्य पीपीपी धारक स्वयं भी कर सकता है। या फिर अपने नजदीकी सीएससी सेंट पर करवाना होगा।

# पेमेंट अप्रूवल कमेटी का 21 को होगा चुनाव, एक पार्षद के चयन के लिए तीन अलग-अलग गुट हैं सक्रिय

नगर निकाय में किसी भी काम के भुगतान की स्वीकृति पेमेंट अप्रूवल कमेटी से ही होगी

**हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल**

नगर निकायों में किसी भी काम के भुगतान की स्वीकृति अब पेमेंट अप्रूवल कमेटी देगी। इस कमेटी के गठन को लेकर 21 दिसंबर को दोपहर दो बजे विशेष बैठक बुलाई है। इस बैठक के लिए बुधवार से पार्षदों को सूचना भेजने का सिलसिला शुरू कर दिया है। इसी बैठक में कमेटी के सदस्य के रूप में एक पार्षद का चयन किया जाएगा। कमेटी के इस एक पार्षद के चयन के लिए तीन गुट (राज्यमंत्री, चेयरपर्सन व पूर्व चेयरपर्सन) सक्रिय हो गए है। संभावना जताई जा रही है कि जीत अपने पक्ष में करने के लिए तीन गुट में से दो गुट एक हो सकते है। कारण, इससे पहले अप्रैल माह में फाइनेंस कमेटी के गठन के लिए चयनित किए गए दो पार्षदों के रूप में सदस्यों के चुनाव में यह अंदरूनी नजारा देखा गया था।

### अभी तक कमेटी न बनने के कारण नगर परिषद में कई तरह के बिल अटके हुए

#### 10 दिनों में कमेटी के सदस्यों की बैठक होना जरूरी

नगर निकाय में यह अप्रूवल कमेटी ही बिलों को मंजूरी देगी। इसके बाद इन्हें उच्च अधिकारियों के पास भेजा जाएगा। अभी तक कमेटी न बनने के कारण नगर परिषद में कई तरह के बिल अटके हुए है। आपको बताते चले कि पहले इस कमेटी में दो सदस्य बनने थे, लेकिन पिछले दिनों सरकार ने इसमें फेरबदल करते हुए पार्षदों में से एक चुनाव करके उसे कमेटी का सदस्य बनाने का निर्णय लिया था। वहीं अब इस कमेटी का सदस्य दूसरा पार्षद संबंधित वार्ड का होगा, जिसके वार्ड के विकास कार्य का भुगतान किया जाना है। साथ ही अब इस कमेटी का मुखिया प्रधान होगा। कम से कम 10 दिनों में कमेटी के सदस्यों की बैठक होना जरूरी है। कमेटी की बैठक प्रधान की अध्यक्षता में होगी। बैठक का कोरम कमेटी के आधे सदस्यों से हो जाएगा। प्रधान की अध्यक्षता वाली पेमेंट अप्रूवल कमेटी 50 लाख रुपये तक की राशि के भुगतान को स्वीकृति देगी। 50 लाख रुपये से अधिक राशि की पेमेंट करने के लिए डीएमसी की अध्यक्षता में इसी कमेटी के सदस्य स्वीकृति देंगे। किसी कार्य में एन्हांसमेंट की राशि तभी स्वीकृत होगी, जब वह सक्षम प्राधिकारी द्वारा उचित रूप से अनुमोदित की गई हो। कार्यों का बंटवारा नहीं होगा। जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की अनुशंसा के बाद भुगतान स्वीकृति दी जाएगी। ई-टेंडरिंग प्रक्रिया उचित प्रक्रियाओं का पालन करते हुए की गई हो। भुगतान स्वीकृत करने से पहले सरकार के नियमों/विनियमों/निर्देशों में प्रदान की गई किसी भी अन्य शर्तों का भी पालन किया जाएगा।




#### वोटिंग में जीतकर फाइनेंस कमेटी के बने थे मनोज व कपिल सदस्य

फाइनेंस कमेटी को एक करोड़ तक के विकास कार्य करवाने की पावर दी गई है। इससे पहले इतनी राशि के विकास कार्य करवाने की स्वीकृति डीएमसी कार्यालय से लेनी होती थी। इस सदस्यों की यह कमेटी होती है। इसमें प्रधान, उपप्रधान, सीईओ (सीईओ की गैर मौजूदगी में डीएमसी) के अलावा दो पार्षद शामिल करना तय किया गया है। इन्हीं दो पार्षदों का चयन करने के लिए 25 अप्रैल को नगर परिषद में चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने पार्षदों की बैठक बुलाई थी। सुबह बैठक में सर्वसम्मति नहीं बनने पर शाम को चुनाव का समय तय किया गया। पांच उम्मीदवार मैदान में आए। इनमें वार्ड नंबर 25 से अजय सिंघल, वार्ड नंबर 31 से कपिल यादव, वार्ड नं. 20 से नितिन चौधरी, वार्ड नं. 11 से प्रेमलता व वार्ड नं. 17 से मनोज सैनी ने नामांकन किया। एक के बाद एक करके उपप्रधान सहित सभी 30 पार्षदों ने वोट डाले। परिणाम सामने आया तो पार्षद अजय सिंघल को तीन, कपिल यादव को 15, नितिन चौधरी को 14, प्रेमलता को 11 व मनोज सैनी को 17 वोट मिले। इस तरह सर्वाधिक वोट लेकर मनोज सैनी व कपिल यादव वित्तीय कमेटी के दो सदस्यों के रूप में चुने गए थे।

## मांगों को लेकर नप कर्मचारियों ने की काम छोड़ हड़ताल

# हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मी, आज भी शहर में नहीं होगी सफाई

सफाई कर्मचारी नेताओं की मांग... समझौतों को जल्द लागू करें सरकार

**हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल**

नगर परिषद के अधीन कार्य करने वाले 200 सफाई कर्मचारी वीरवार टूल डाउन पेन डाउन हड़ताल पर रहे। इस कारण शहर में सफाई कर्मियों ने कामकाज को हाथ नहीं लगाया और ना ही शहर में झाड़ू लगाई। इस हड़ताल और समय पर उठान नहीं होने से शहर में कई जगहों पर कूड़े का जमाव दिखाई दिया। अब शुक्रवार को भी सफाई कर्मियों के हड़ताल पर रहने की वजह से सफाई व्यवस्था चरमराएगी। नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर नगर परिषद नारनौल शाखा के कर्मचारियों ने नगर परिषद में धरना शुरू किया। इस धरने को संबोधित करते हुए संघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष महेंद्रसिंह संगेलिया ने प्रदेश सरकार की ढुलमुल नीतियों की आलोचना की तथा कहा कि सरकार ने नगर पालिका कर्मचारी संघ के हरियाणा शिष्ट मंडल से सरकार ने कई मांगों पर सहमति बनी है और सरकार ने कर्मचारी नेताओं से उस वक्त उन मांगों को लागू करने का वादा भी किया, लेकिन अब तक उन मांगों को पूरा नहीं किया जा सका है। इसलिए सरकार पहले उन वादों को पूरा करे और सभी कर्मचारियों को उनका लाभ दे। उन्होंने कहा कि सरकार ने गुरुग्राम नगर निगम में लगे 3480 कर्मचारियों को नौकरी से हटा दिया है। रोजगार छीनने से कितने सारे परिवार सड़क पर आ गए हैं। इसलिए हमारी मांग है कि सरकार इन नौकरी से हटाए गए कर्मचारियों को वापस ड्यूटी पर ले तथा 29 अक्टूबर 2022 और पांच अप्रैल 2023 को सरकार के साथ जो समझौते हुए, उनको लागू करे। कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। सर्व कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव महेंद्र बोयत एवं राज्य कोषाध्यक्ष सुखदर्शन सरोहा ने कहा कि चार फरवरी 2024 को रोहतक में होने वाली रैली में यहां के कर्मचारी भी बढ़-चढ़कर भाग लें और सरकार के कानों तक अपनी आवाज पहुंचाकर उसकी नींद खोलने का काम करें। उन्होंने सरकार से मांग की कि रेगुलाइजेशन की नीति बनाई जाए तथा पुरानी पेंशन बहाल की जाए। सरकार ने जो कौशल रोजगार निगम बना दिया है, उसे समाप्त किया जाए। प्रदेश के सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। डोर टू डोर के सभी कर्मचारियों को पे-रोल पर लिया जाए और इनको बैंकों के माध्यम से सैलरी दी जाए। समय रहते यदि जल्द ही इन मांगों को पूरा नहीं किया गया तो नगर पालिका कर्मचारी संघ आंदोलन को और तेज करेगा। इस हड़ताल में नगर परिषद के कर्मचारियों ने भाग लिया, जिनमें इकाई प्रधान सुरेश कुमार जैदिया, सचिव महावीर प्रसाद, सर्वकर्मचारी संघ के जिला प्रधान कौशल यादव, कैशियर नरेंद्र कुमार, सतीश कुमार, रतनलाल, प्रमोद कुमार पीडब्ल्यूडी ब्रांच, राजेश कुमार, नीरज, गिरवर सिंह, संजय कुमार, कमल, दौलत, भीमसिंह, निरंजन आदि रहे।



**नारनौल।** धरने के दौरान नारेबाजी करते नगर परिषद के सफाई कर्मचारी।



**कनीना।** नपा गेट पर धरना-प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी। *फोटो: हरिभूमि*

#### मांगों को लेकर नपा सफाई कर्मचारी हड़ताल पर बैठे

**कनीना।** नगर पालिका के सफाई कर्मचारी मांगों को लेकर वीरवार को हड़ताल पर बैठ गए। इस अवसर पर हड़ताल पर बैठे कर्मियों ने कहा कि अक्टूबर 2022 व 5 अप्रैल 2023 के समझौते को सरकार लागू करें। उन्होंने कहा कि नगर निगम गुरुग्राम में छंटनी किए गए करीब साढ़े तीन हजार सफाई कर्मचारी अन्य नपा व फायर कर्मचारियों को वापस ड्यूटी पर लिया जाए, सीवरमैन की नियमित भर्ती की जाए, पुरानी पेंशन बहाल की जाए, आबादी के अनुरूप सफाई कर्मचारी लगाए जाए, न्यूनतम वेतन जारी किया जाए, ईएसआई व ईपीएफ लागू किया जाए, सरकार के आदेशों की अवहेनला करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## हकेंवि में मोटे अनाज पर जागरूकता कार्यक्रम

- कर्यक्रम में मोटा अनाज से होने वाले फायदों को बताया

**हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़**

गांव जाट पाली स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) इकाई 16 हरियाणा बटालियन एनसीसी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 के अवसर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को यूनिट के एएनओ डॉ. रमेश कुमार ने संबोधित किया। डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि हमारे देश में किसानों के लिए किस तरह से यह वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के रूप में महत्वपूर्ण है। उन्होंने मोटा आनाज जैसे बाजरा इत्यादि से मिलने वाले प्रोटीन, फाइबर, विटामिन बी, कैल्शियम, आयरन, जिंक आदि पोषक तत्वों की जानकारी भी प्रतिभागियों को दी। डॉ. रमेश कुमार ने कहा कि इनका नियमित सेवन करने से पाचन तंत्र मजबूत बनता है, यह वजन एवं डायबिटीज को कंट्रोल करता है और हृदय संबंधी बीमारियों से भी निजात मिलती है। इसलिए मोटा अनाज का ज्यादा से ज्यादा उत्पादन किसानों के लिए और सभी देशवासियों के लिए बहुत ही उपयोगी है। कार्यक्रम के अंत में डिप्टी एएनओ डॉ. नरेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।



**महेंद्रगढ़।** कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। *फोटो: हरिभूमि*

## मारपीट करने के मामले में एक और आरोपित गिरफ्तार

- आरोपित को वीरवार को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा

**हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल**

मारपीट व छीना झपटी करने के मामले में सिटी पुलिस ने एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान हेमंत उर्फ हिमांशु वासी मोहल्ला बावड़ीपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने जांच में पता लगाया कि आरोपित मारपीट करने की वारदात में शामिल था। आरोपित के खिलाफ आधा दर्जन से भी ज्यादा मामले दर्ज हैं। आरोपित को वीरवार को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस मामले में पुलिस पहले सात आरोपित सुरेंद्र उर्फ आशु राव, मोहित उर्फ लंगड़ी, जितेंद्र उर्फ मोनू, विशाल उर्फ पुच्ची, ईश्वर उर्फ ईशु, प्रत्येक व विनोद उर्फ चन्नी को गिरफ्तार कर चुकी है।

इस बारे में शिकायतकर्ता गौरव वासी मोहल्ला खड़खड़ी ने बताया कि वह शाम के समय अपने दोस्तों के साथ मोटर साइकिल पर पेट्रोल पम्प से तेल डलवाकर छोटा बड़ा तालाब के पास से घर जा रहे था। छोटा बड़ा तालाब के पास कुछ लड़के बैठे हुए थे, जिन्होंने उसे रुकवा लिया और मारपीट करने लग गए। आरोपितों ने उसे रॉड व सिल्ली पत्थर से चोटें मारी। इस दौरान लोगों की भीड़ देखकर वो सभी भाग गए और जाते समय जान से मारने की धमकी दी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन लड़कों में से एक ने उसकी सोने की चेन छीन ली। शिकायतकर्ता ने बताया कि सभी लड़के जान से मारने की धमकी देकर उसके दोस्त को जबरदस्ती मोटर साइकिल पर बैठाकर कोरियावास रोड की तरफ ले गए और मारपीट कर वहीं पर छोड़ गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए मामले में अब तक आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

### बालिका अवार्ड के लिए 20 तक करें आवेदन

**नारनौल।** राज्य सरकार की ओर से राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली बालिकाओं के अवार्ड के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके लिए इच्छुक बालिकाएं 20 दिसंबर तक शास्त्री नगर गली नंबर एक नजदीक स्टार किड्स प्ले स्कूल जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय में आवेदन कर सकती हैं। यह जानकारी देते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी संगीता यादव ने बताया कि सामाजिक सेवा, पेंटिंग, राइटिंग, शिक्षा, मीडिया, नृत्य, कला संस्कृति, संगीत और साहित्य में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनुकरणीय उपलब्धि हासिल करने वाली बालिकाओं के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। उन्होंने बताया कि बालिका दिवस मनाने का उद्देश्य बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। सरकार की ओर से महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक रूप से सक्षम बनाने के लिए अनेक योजनाएं एवं कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

## 20 मिनट किया दौरा, फिर नारनौल के लिए निकले सीएमओ

# महेंद्रगढ़ अस्पताल में सीएमओ का औचक निरीक्षण

- निजी की बजाय सरकारी अस्पताल में डिलीवरी संख्या बढ़ाने पर दिया जोर

**हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़**

गर्भवती महिला की सामान्य डिलीवरी सरकारी अस्पताल में ज्यादा होती है। प्राईवेट अस्पताल में ऑपरेशन के माध्यम से डिलीवरी ज्यादा हो रही है। यह आंकड़ा स्वास्थ्य विभाग के सर्वे रिकार्ड से सामने आया है। स्वास्थ्य विभाग की मंशा है कि सामान्य डिलीवरी हो और अधिकांश सरकारी अस्पताल में ही हो।

इसी प्रयास को आगे बढ़ाते हुए सीएमओ डॉ. रमेश चंद्र आर्य ने बुधवार रात महेंद्रगढ़ अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उनके साथ सीएमओ कार्यालय में कार्यरत डीपीएम संदीप यादव भी मौजूद रहे।

सीएमओ बुधवार रात करीब 8:45 बजे महेंद्रगढ़ अस्पताल में पहुंचे। वहां चिकित्सक सचिन उपस्थित मिले। सीएमओ ने मेडिकल वार्ड में एडमिट मरीजों की जांच व देखरेख के बारे में पूछा। साथ ही उपस्थित नर्सिंग अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए। इसके बाद प्रथम तल पर जच्चा-बच्चा वार्ड में सीएमओ पहुंचे। यहां महिला चिकित्सक अधिकारी के साथ जच्चा का हालचाल जाना। साथ ही चिकित्सक व अन्य अधिकारियों से कहा कि 100 बैड का यह नागरिक अस्पताल है। इसमें आप डिलीवरी बढ़ाना सुनिश्चित करें। महिला चिकित्सक 24 गुना सात दौरे पर उपस्थित रहती है। फिर भी डिलीवरी संख्या अनुरूप नहीं है। प्रयास किया जाए कि सामान्य डिलीवरी की संख्या बढ़े। उन्होंने गर्भवती महिलाओं से जेएसएसआर के अंतर्गत मिलने वाली मुफ्त डाइट बारे में वहां पूछताछ की और डाइट में दी गई खिचड़ी भी देखी। सीएमओ के इस दौरे के दौरान संबंधित प्रवर चिकित्सा अधिकारी डा. बाबूलाल को भी बुलाया गया। इसके बाद सीएमओ रात 9:05 बजे वहां से नारनौल के लिए रवाना हो गए।



**महेंद्रगढ़।** मरीजों से हाल चाल जानते सीएमओ डॉ. रमेश चंद्र आर्य।

# सर्दी से फसलों को बचाने के लिए किसान करें सिंचाई

**हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल**

सर्दी के मौसम में पड़ने वाले घने कोहरे, धुंध और कड़ाके की सर्दी से सब्जियों की फसलों को पाले के नुकसान से बचाने के लिए किसान हल्की सिंचाई करें और लो टनल तकनीक का सहारा ले या फसलों को पन्नियों से ढंके। इस बारे में जिला उद्यान अधिकारी प्रेम यादव ने बताया कि पाले से सबसे पहले सब्जी वाली फसलों की पत्तियां प्रभावित होती हैं। फूल झुलस कर गिर जाते है, फिर टहनियां व बाद में पौध सूखने लगते हैं। पौधों पर पहले काले व भुरे दानेदार धब्बे बनते हैं फिर सब्जियों के फलों पर धब्बे बनते हैं और फसल खराब हो जाती है। जब पाला पड़ने की संभावना हो उन दिनों दो ग्राम प्रति लीटर पानी में घुलनशील गंदक का का घोल बनाकर छिड़काव करें। साथ ही जब पाला पड़ने की संभावना हो तब फसलों में हल्की सिंचाई कर देनी चाहिए। जिससे तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं गिरेगा व फसलों को पाले से होने वाले नुकसान से बचाएगा।

#### बागवानी पर अनुदान का प्रावधान

किसान बागवानी फसलों को पाले से बचाने के लिए प्लास्टिक लो-टनल तकनीक अपना कर अपनी सब्जी की फसल को पाले से बचा सकता है व इस स्कीम पर बागवानी विभाग की तरफ से 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। इस स्कीम का लाभ लेने के लिए किसान विभाग के पोर्टल एचओआरटीएनईटी डॉट जीओवी डॉट इन पर 15 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं।

रोचक





बच्चों, पिछले अंक में हमने तुम्हें देश भर के रंग-बिरंगे विंटर फेस्टिवल्स के बारे में बताया था। इस बार हम तुम्हें विदेशों में होने वाले तीन अनोखे विंटर फेस्टिवल्स के बारे में बता रहे हैं।

# अजब-गजब विंटर फेस्टिवल्स

### जुब्लजाना ड्रैगन कार्निवल, स्लोवेनिया

**विंटर सीजन** में यूरोप महाद्वीप के एक देश स्लोवेनिया की राजधानी जुब्लजाना में जुब्लजाना ड्रैगन कार्निवल आयोजित किया जाता है। यह फेस्टिवल पूरे यूरोप महाद्वीप में सबसे अनोखे विंटर कार्निवल फेस्टिवल्स में से एक माना जाता है। कार्निवल में लोग अनोखी वेशभूषा पहनते हैं। कार्निवल में एक ग्रीन ड्रैगन के पुतले का खास अट्रैक्शन होता है। इसे राजधानी जुब्लजाना का प्रतीक चिन्ह भी माना जाता है। कार्निवल के दौरान चारों ओर बहुत रंग-बिरंग माहौल हो जाता है। इस बार के जाड़े में यह फेस्टिवल अगले साल 6 से 16 फरवरी के बीच आयोजित होगा। *

### ह्वाचेओन सांचेओनियो आइस फेस्टिवल, साउथ कोरिया





**बच्चों, साउथ** कोरिया में विंटर फेस्टिवल बहुत हटकर सेलिब्रेट किया जाता है। यहां हर साल जनवरी-फरवरी में ह्वाचेओन सांचेओनियो आइस फेस्टिवल आयोजित होता है। यह दुनिया में बहुत ही यूनीक विंटर फेस्टिवल है और दक्षिण कोरिया के नागरिकों के बीच बहुत पॉपुलर है। यह विंटर फेस्टिवल कड़ाके की ठंड में मछली पकड़ने का फेस्टिवल है। विंटर फेस्टिवल दक्षिण कोरिया के गैंगवॉन डो नामक स्थान पर ह्वाचेओन रिवरसाइड पर आयोजित किया जाता है। पूरे साउथ कोरिया से यहां आने वाले पर्यटक ठंड की वजह से जमी हुई ह्वाचेओन नदी में मछलियां पकड़ते हैं। मछली पकड़ने के लिए जमी हुई नदी की ऊपरी परत में छेद किया जाता है। तुम्हें जानकर हैरानी होगी कि नदी में ग्यारह हजार से ज्यादा छेद किए जाते हैं। बच्चों, मछली पकड़ने के लिए लोग कतार में बैठकर अपने साथ लाए उपकरणों से घंटों तक मछली पकड़ने की कोशिश करते हैं। इस फेस्टिवल में लाखों की संख्या में लोग भाग लेते हैं। जमी हुई नदी पर दूर दूर तक लोगों की भीड़ दिखाई देती है। इस फेस्टिवल में बच्चे भी मछली पकड़ते हैं। फेस्टिवल में एक अनूठी प्रतियोगिता भी आयोजित होती है, जिसमें प्रतियोगियों को बर्फीले पानी में नंगे हाथों से मछली पकड़नी होती है। इसके लिए जमी हुई नदी में एक जगह बड़ा-सा गोल आकार का गड्ढा किया जाता है। फिर कई सारे प्रतियोगी इसी छेद में हाथ डालकर मछली पकड़ने की कोशिश करते हैं। मछली पकड़ने के अलावा फेस्टिवल में मनोरंजन के लिए कई और आइस स्पोर्ट्स खेले जाते हैं। इस बार यह फेस्टिवल 6 से 28 जनवरी 2024 को आयोजित होगा। *

### एम्स्टर्डम लाइट फेस्टिवल, नीदरलैंड्स





**नीदरलैंड्स की** राजधानी एम्स्टर्डम में सर्दी के मौसम में दुनिया का सबसे अनोखा लाइट फेस्टिवल आयोजित होता है। इस अनोखे लाइट फेस्टिवल की शुरुआत साल 2012 में हुई थी। यह फेस्टिवल सर्दियों की अंधेरी रातों में एम्स्टर्डम नहर के किनारे आयोजित होता है। पिछले महीने 30 नवंबर से शुरू हो चुका यह लाइट फेस्टिवल अगले साल 21 जनवरी को समाप्त होगा। एम्स्टर्डम लाइट फेस्टिवल का हर साल एक स्पेशल सब्जेक्ट होता है, इस साल का विषय 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' है। लाइट फेस्टिवल में इस बार कुल 24 कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। सारी कलाकृतियां खुले आसमान के नीचे शहरों के बीच से बहने वाली नहरों के किनारे और पानी की सतह के ऊपर निर्मित की जाती हैं। इन कलाकृतियों को देखने के लिए कोई टिकट नहीं लेना पड़ता है। इस बार भी कई ऐसी अनोखी कलाकृतियां बनाई गई हैं, जिनको देखकर तुम्हें आश्चर्य होगा। जैसे- बात करने वाले लैंप, आभासी पुल, पानी में फोन इस्तेमाल करते सफेद रोशनी में चमकते पांच इंसान, पानी में खड़ा मेंटल वाला रोबोट जिसके पीठ पर कई सारे घर बने हैं, रंग-बिरंगी रोशनी से बना इंसानी चेहरा आदि। *

प्रस्तुति : देवेंद्र पांडे

## किसने बनवाया था टॉवर ऑफ लंदन

जानकारी




बच्चों, टॉवर ऑफ लंदन, यूनाइटेड किंगडम (ब्रिटेन) की राजधानी लंदन के बीच से बहने वाली टेम्स नदी के किनारे बना एक भव्य किला है। इसको सन् 1078 में विलियम द कांकरर ने बनवाया था। इस परिसर में शाही महल के अलावा और भी कई भव्य इमारतें हैं। इसका निर्माण करने के लिए फ्रांस देश से पत्थर मंगाए गए थे। यहां राजसी बंदियों के लिए कारागार भी था। इस किले की एक विशेषता यह है कि यहां बड़ी संख्या में काले कौवे रहते हैं। किंवदंती है कि जिस दिन ये कौवे टॉवर ऑफ लंदन छोड़कर चले जाएंगे, तभी यहां राजशाही समाप्त हो जाएगी। हालांकि अब इस किले में राजपरिवार नहीं रहता है, लेकिन शाही जवाहरात इसमें सुरक्षित हैं, जिनमें मशहूर कोहिनूर हीरा भी शामिल है। *

प्रस्तुति : एफएमएन

क्या तुम जानते हो

## कैसे हुई अंतरिक्ष की खोज



गैलीलियो गैलिली     निकोलस कोपर्निकस

आज से लगभग 1,825 वर्ष पूर्व लिखी गई पुस्तक 'सच्चा इतिहास' में अंतरिक्ष यात्रा के बारे में वर्णन मिलता है। इसके लेखक थे यूनान के लूसियान। लेकिन इसमें अंतरिक्ष यात्रा का विषय एक व्यंग्य के रूप में दिया गया था, जो तत्कालीन राज्य के दोषों को उजागर करता था। इसमें चंद्रलोक और सूर्यलोक का दिलचस्प वर्णन है। फिर पोलैंड के खगोलशास्त्री निकोलस कोपर्निकस ने अपने तथ्यों के आधार पर बताया कि सूर्य, सौर-परिवार के केंद्र में है और पृथ्वी एक ग्रह है। फिर गैलीलियो गैलिली ने सन् 1610 में एक दूरदर्शी यंत्र का आविष्कार करके अंतरिक्ष के नजारों को बहुत निकट से देखने का प्रयास किया। उन्होंने चंद्रमा की सतह पर ऐसे दृश्य देखे, जो इससे पहले किसी ने नहीं देखे थे। दूरबीन की सहायता से अंतरिक्ष में झांकने वाले वे पहले वैज्ञानिक थे। इसके बाद तो अंतरिक्ष के बारे में नई-नई खोज शुरू हुई और आज भी अंतरिक्ष से जुड़े राज सामने आ रहे हैं। *

-एफएमएन

## बूझो तो जानें





1. धरती से निकली बाहर,
बंद रही काठ सदन में।
गरीबों का बादाम हूं,
बसी सभी के ही मन में।

2. आसाम-बंगाल वासी,
घर-घर में पी जाती।
श्याम वर्ण है मेरा पर,
सबको मैं खूब लुभाती।

3. गन्ने के रस से बनता हूं,
लेकिन रंग अलग है।
सर्दियों का मिष्ठान मैं,
मेरा ढंग अलग है।

4. सर्दी के आते ही मैं,
स्नानघर का वीर।
दीवार पर लटका रहूं,
गर्म करता हूं नीर।

-गोविंद भारद्वाज

उत्तर- 1-मूंगफली, 2-चाय, 3-गुड़, 4-गीजर


कविता / डॉ. राकेश चक्र

## मम्मा इत्ते छोटे दिन



सूरज लगता बाल सुमन।
जगकर प्रातः करें नमन।।
नरम धूप सूरज की भइया
ता-ता-ता-ता थप्पक-थइया।।
बैठ धूप में मम्मा सुन।
सूरज लगता बाल सुमन।।
शाम गुलाबी, सुबह ठिठुरती।
रात की रानी खूब महकती।
हरसिंगार महक गुनगुन।
सूरज लगता बाल सुमन।।
शीत सताए हवा ठुमकती।
बदरा बिजली कभी चमकती।
गाल गुलाबी, शीतल तन।
सूरज लगता बाल सुमन।।
कभी कुहासा, कभी उजाला।
धूप विटामिन डी का प्याला।
ओढ़ रजाई भरता मन।
सूरज लगता बाल सुमन।।
महक मोगरा मन है हरती।
चांद चांदनी खूब दमकती।
मम्मा इत्ते छोटे दिन।
सूरज लगता बाल सुमन।।

## हंसगुल्ले



**रिंकू से टिंकू**-तुम्हारी बेतुकी बातों से मेरा दिमाग खराब हो गया है। मैं तुम्हारे घर आ रहा हूं।
**रिंकू**-अरे! तब तुम मेरे घर नहीं, मेरे मामा जी के घर जाओ।
**टिंकू**- क्यों?
**रिंकू**- क्योंकि वो दिमाग के डॉक्टर हैं।
**-संगीता, रायपुर**

**रोहन**- क्या जुबान के भी पैर होते हैं?
**सोहन**- नहीं।
**रोहन**- फिर मम्मी क्यों कहती हैं कि तेरी जुबान दिन भर चलती रहती है? **- उमेश, जबलपुर**

**डॉक्टर**- मिक्की, इस दवाई को दिन में चार चम्मच लेना।
**मिक्की**- फिर तो डॉक्टर अंकल मैं यह दवा नहीं पी पाऊंगी।
**डॉक्टर**- वो क्यों?
**मिक्की**- मेरे घर में तो सिर्फ दो चम्मच ही हैं।
**-कविता, दुर्ग**

## जीके क्विज-84



1. हाल में मिजोरम का नया मुख्यमंत्री कौन बना है?
2. गरबा नृत्य किस राज्य का प्रसिद्ध लोकनृत्य है?
3. सहारा रेगिस्तान किस महाद्वीप में स्थित है?
4. प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय गणित दिवस कब मनाया जाता है?
5. इंसानों के अलावा वह कौन-सा जानवर है, जो केला छीलकर खाता है?
6. किस शहर को संतरे के शहर के नाम से भी जाना जाता है?
7. सौरमंडल में सूरज से सबसे दूरी पर कौन-सा ग्रह स्थित है?
8. किस पक्षी के उड़ने की आवाज बिल्कुल भी नहीं आती है?
9. यूक्रेन की राजधानी का क्या नाम है?
10. मैदानी हॉकी खेल में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?

बच्चों, जीके क्विज-84 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।


**जीके क्विज-83 का उत्तर :** 1-गुरुग्राम, 2-मिचौंग चक्रवात, 3-भालू, 4-23 दिसंबर, 5-दरियाई घोड़ा, 6-उदयपुर, 7-शनि ग्रह, 8-पांच आंखें, 9-कंगारू, 10-सात खिलाड़ी

**जीके क्विज-83 का सही उत्तर देने वाले :** रोशन-धमतरी, पारुल-रायपुर, पुष्पिका-सूरजपुर, चेतन-दल्ली राजहरा, मारुति-बिलासपुर, प्रियंका-रोहतक, रंजित-बिलासपुर, सुरेश-जबलपुर, विक्की-भोपाल, गौरव-डाबोदा कलां

कहानी
अशोक जोशी

## मीनू का प्यारा स्वेटर

मीनू अपनी चीजें शेयर क्या, किसी को छूने भी नहीं देती। एक दिन वह अपना पसंदीदा स्वेटर पहन कर बुके खरीदने गई। बुके की दुकान पर जब मीनू ने दुकान वाले की लड़की को ठिठुरती सर्दी में बिना किसी गर्म कपड़े के देखा तो वह बहुत दुखी हो गई। इसके बाद उसने जो किया, वह एक अनहोनी बात थी।



घर में सबसे छोटी होने के कारण सभी मीनू से बहुत प्यार करते हैं। लाड़-प्यार में पली-बढ़ी मीनू थोड़ी जिद्दी है। उसमें एक आदत अच्छी है कि वह अपनी चीजों को बहुत सहेज कर रखती है। लेकिन वह अपनी चीजों को किसी को उपयोग करना तो दूर, छूने तक नहीं देती। रात को जब अचानक तेज बारिश के बाद सर्दी बढ़ी तो उसने अपना वह स्वेटर निकाल लिया, जो उसके पापा खासतौर पर उसके लिए पेरिस से लेकर आए थे।

मीनू को इस स्वेटर से बहुत प्यार था। किसी को भी इस स्वेटर पर हाथ लगाने नहीं देती थी। आज उसे अपनी दोस्त रितु के जन्मदिन पर जाना था। उसके पापा अपनी कंपनी की कॉन्फ्रेंस में लंदन गए हुए थे। उसने किसी तरह अपनी मम्मी को राजी कर लिया कि वह शाम को उसके साथ रितु के घर चलें। मम्मी भी मान गईं, क्योंकि रितु की मम्मी शालिनी उनकी सहेली थीं। शाम को मीनू तैयार हो गई। उसने अपना प्यारा स्वेटर पहना। उस स्वेटर में मीनू एकदम परी जैसी लग रही थी। मम्मी ने रितु को देने के लिए गिफ्ट को पैक करवा कर रख लिया था। दोनों कार में बैठकर निकल पड़ीं। बाहर कंपकंपाने वाली ठंड थी। मम्मी ने ड्राइवर को गाड़ी का ब्लोअर चालू करने को कहा। तभी मीनू को याद आया, वह बोली, 'अरे मम्मी! आप भूल गईं कि हमें रितु के लिए बुके भी लेना है?'

'अरे हां..! भैया, आप गाड़ी एमजी रोड से ले लीजिए। वहां से बुके ले लेते हैं।' मम्मी ने ड्राइवर से कहा। ड्राइवर ने एमजी रोड पर फुटपाथ पर एक बुके की दुकान के सामने कार रोकी। मम्मी ने मीनू से कहा, 'मैं बुके लेकर आती हूं। बाहर बहुत सर्दी है, तुम कार में ही बैठी रहो।'

'नहीं मम्मी, अपनी फ्रेंड के लिए तो मैं ही बुके पसंद करूंगी।' मीनू बोली।

'ठीक है आ जाओ।' मम्मी मान गईं।

दोनों बुके की दुकान पर पहुंचे। मीनू ने देखा दुकान पर बुके वाले की उसकी हमउम्र बेटी भी खड़ी थी। वह ठंड से कांप रही थी। मीनू उससे बोली, 'क्यों स्वेटर नहीं पहना? सर्दी लग जाएगी तो?'

'मेरे पास स्वेटर नहीं है।' वह बोली। मीनू को उस पर दया आ गई। उसने चुपचाप बुके पसंद किया और मम्मी के साथ आकर कार में बैठ गई। उसके सामने बुके वाले की लड़की का सर्दी से कांपता चेहरा घूम रहा था। मीनू ने मम्मी से पूछा, 'क्या हम उसकी मदद नहीं कर सकते?'

'जरूरतमंदों की मदद करना अच्छी बात है बेटा, लेकिन इस समय हमारे पास कार में दूसरा कोई गरम कपड़ा भी नहीं है।'

'लेकिन देखो ना मम्मी, वह लड़की ठंड में कैसे कांप रहा है।' मीनू बड़े ही दुखी मन से बोली। उसने मम्मी से पूछा, 'मैं क्या अपना यह पहना स्वेटर उस लड़की को दे सकती हूं?'

'लेकिन यह स्वेटर तो तुम्हें सबसे प्यारा लगता है।' मम्मी बोलीं।

'तो क्या हुआ? हम दूसरा स्वेटर भी तो खरीद सकते हैं। उस बेचारी के पास तो इस कड़ी सर्दी में कोई गरम कपड़ा नहीं है। अभी-अभी आपने ही तो कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना अच्छी बात है।' मीनू मासूमियत से बोली।

'यह तुम्हारा स्वेटर है। यदि तुम चाहो तो दे सकती हो।' मम्मी ने कहा। मीनू तुरंत कार से उतर कर मम्मी के साथ बुके वाले की दुकान पर गई। उसने अपना स्वेटर ठंड से कांपती लड़की को दे दिया। उसके चेहरे पर खुशी के भाव देखकर मीनू को बहुत अच्छा लगा। इसके बाद उसने रितु की बर्थ-डे पार्टी में ऐसी मस्ती की कि उसकी सारी ठंड हवा हो गई।

अगले सप्ताह मीनू के पापा लंदन से लौट आए। उसने पूछा, 'पापा, मेरे लिए क्या लाए हैं?' 'वही जो तुमने लाने को कहा था और अपनी लाडली बेटी के लिए एक चीज और खास लाया हूं।' पापा उसके सिर पर प्यार से हाथ फेरते हुए बोले। 'वह क्या?' मीनू ने उत्सुकता से पूछा।

'दो नए स्वेटर, जो पहले से भी ज्यादा गरम और नरम हैं।' कहते हुए उन्होंने मीनू के हाथों में दो स्वेटर रख दिए।

'लेकिन दो क्यों?' मीनू ने आश्चर्य से पूछा।

'ताकि हमारी बेटी किसी जरूरतमंद की मदद कर सके और खुद भी स्वेटर पहन सके। मुझे तुम्हारी मम्मी ने बता दिया था कि तुमने किस तरह से उस बुके वाले की लड़की को अपना स्वेटर दे दिया था। आई एम प्राउड ऑफ यू माय लिटिल डार्लिंग!' कहते हुए पापा ने मीनू का माथा चूम लिया। *

छोटी कहानी / ललित शौर्य

## अनोखा उपहार

मिस्टर डिसूजा अब बूढ़े हो गए हैं। उनकी उम्र लगभग 75 साल के आस-पास हो गई होगी। मोहल्ले के बच्चे और बड़े उन्हें सांता बाबा के नाम से पुकारते हैं, क्योंकि वह पिछले कई वर्षों से क्रिसमस के समय सांता क्लॉज बनकर मोहल्ले में बच्चों को टॉफी, बिस्कुट और गर्म कपड़े उपहार के रूप में बांटते हैं। मिस्टर डिसूजा अकेले रहते हैं। उन्होंने शादी नहीं की है।

इधर पिछले कुछ दिनों से मिस्टर डिसूजा बीमार हैं। क्रिसमस नजदीक था। उनके मन में यही चल रहा था कि इस बार वह बच्चों को कैसे उपहार बांटेंगे? उन्हें तो इतनी तकलीफ है कि बिस्तर से उठ भी नहीं सकते। मोहल्ले में यह बात सबको पता हो गई थी कि मिस्टर डिसूजा बीमार चल रहे हैं। यह सुनकर ओजस ने अपने साथियों से बात की, 'तुम सबको पता होगा, मिस्टर डिसूजा यानी हमारे मोहल्ले के सांता बाबा बीमार हैं। वह बिस्तर से उठ भी नहीं पा रहे हैं। हमें उनके लिए कुछ करना चाहिए।' ओजस की इस बात पर सभी बच्चे बोले, 'हम क्या कर सकते हैं ओजस, हमें बताओ? तुम जो कहोगे, हम सब करने को तैयार हैं।' 'मिस्टर डिसूजा हर साल सांता क्लॉज बनकर हम सबको उपहार देते हैं। इस बार हम उन्हें सेवा का उपहार देंगे। जब तक वह ठीक नहीं हो जाते, हम सब उनकी सेवा करेंगे। उनके लिए हम अपने घर से खाना लेकर जाएंगे। उनके लिए जूस और फल भी ले जाएंगे।' ओजस ने दोस्तों से कहा।




अगले दिन से ही सभी बच्चे सांता बाबा की सेवा में लग गए। बच्चों की सेवा-भाव और प्रेम पाकर सांता बाबा 25 दिसंबर से पहले ही ठीक हो गए। उन्होंने बच्चों से कहा, 'तुम सब ने मेरी जो सेवा की, उसी का परिणाम है कि मैं अब स्वस्थ हो गया हूं। अब क्रिसमस के दिन मेरे घर पर बड़ी पार्टी होगी। तुम सबने तो क्रिसमस से पहले ही मुझे बहुत अनोखा सा उपहार दे दिया है। अब मेरी बारी है, तुम सब को उपहार देने की।'

बच्चे यह सुनकर बहुत खुश हुए कि हर बार की तरह इस बार भी उन्हें क्रिसमस पर मिस्टर डिसूजा के हाथों उपहार मिलेंगे। *

## अंतर बताओ


बच्चों, यहां स्कीइंग करते हुए बच्चे के एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। दोनों चित्रों में 10 अंतर हैं। पांच मिनट में सभी अंतर ढूंढकर बताओ तो जरा।



उत्तर: 1-बच्चे की टोपी का पॉम-पॉम गोल आकार में है। 2-टोपी में बीच की नीली लाइन गायब है। 3-आइब्रोज के बीच में माथे पर सिर के बाल आ रहे हैं। 4-बच्चे के दाएं हाथ के ग्लव पर निशान है। 5-दाएं हाथ में पकड़े स्की स्टिक के नीचे वाले हिस्से की डिजाइन में अंतर है। 6-बाएं हाथ से पकड़े स्की स्टिक की डोर लटकी दिख रही है। 7-जैकेट पर बाएं हरे रंग का पैटर्न नहीं है। 8-बाएं पैर के पैंट में पॉकेट दिख रही है। 9-दाएं पैर की पैंट पर हल्के नीले रंग की लाइन की डिजाइन नहीं है। 10-बाएं पैर वाले स्कीइंग बोर्ड पर लहर वाली डिजाइन की संख्या में अंतर है।

## चित्र पूरा करो

यहां पर बर्फबारी में मस्ती करते बच्चों का एक अधूरा चित्र दिया गया है। चित्र को पूरा करने के लिए साइड में चार कटआउट्स रखे हैं। जल्दी से सारे कटआउट्स को सही जगह पर लगाकर चित्र पूरा करो।




उत्तर : A-1, B-2, C-4, D-3

## खबर संक्षेप



### समूह नृत्य में यदुवंशी ओवरऑल चैम्पियन

**नारनौल।** रेवाड़ी बाल भवन में राज्य स्तरीय समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जोनल स्तर पर विजेता टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में यदुवंशी ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय व क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। विदित रहे कि पहले यह प्रतियोगिता जिला स्तर पर नारनौल बाल भवन में आयोजित की गई थी। जिसमें यदुवंशी ने प्रथम स्थान हासिल किया था। उसके बाद यह प्रतियोगिता जोनल स्तर पर गुरुग्राम में आयोजित की गई।



### जैलाफ स्कूल में मनाया राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस

**नारनौल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जैलाफ में वीरवार को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस प्राचार्य लोकेश कुमार की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि ऊर्जा किसी भी देश की आर्थिक प्रगति व विकास का परिचय होती है। ऊर्जा को जीवन का संचार कहा जाता है। हमें बढ़ती ऊर्जा की खपत को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा का संरक्षण करना चाहिए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी धर्मसिंह ने बताया कि ऊर्जा संरक्षण के लिए हमें नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों की और ध्यान देना होगा।

## नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई गई

# राज्यमंत्री ने लोगों को योजनाओं का लाभ उठाने को लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल





**नारनौल।** विकसित भारत की शपथ दिलाते राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव व उज्ज्वला योजना के तहत पात्र नागरिकों को एलपीजी गैस कनेक्शन वितरित करते विधायक डा. अभय सिंह यादव। फोटो : हरिभूमि

विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा की कड़ी में वीरवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव गांव जाखनी व जैलाफ पहुंचे। संकल्प यात्रा के दौरान इन गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि यादव ने सरकार की जनहितकारी योजनाओं पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथ ही लाभार्थियों से बातचीत की। इसके अलावा यह यात्रा गांव तोताहेड़ी, दौंगली, पाथेड़ा, अगियार, भगड़ाना व रिवासा पहुंची। गांव तोताहेड़ी में नांगल चौधरी विधायक डा. अभय सिंह यादव, पाथेड़ा व अगियार में अटेली विधायक सीताराम यादव, गांव रिवासा में पूर्व शिक्षामंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा मुख्य अतिथि थे। वहीं भगड़ाना में सीएमओ रमेश चंद्र आर्य व दौंगली में पंचायत समिति अध्यक्ष कर्मपाल यादव मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। सभी कार्यक्रमों में नागरिकों को विकसित भारत की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने केंद्र व प्रदेश सरकार की अंत्योदय की भावना से क्रियान्वित योजनाओं की सराहना करते हुए आमजन को सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने अपने लगभग साढ़े नौ साल के कार्यकाल में समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकारी सेवाएं प्रदान करने की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए समाज की मुख्यधारा से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि अगले 25 वर्ष के दौरान हम सबको मिलकर इस देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा करना है। इसी उद्देश्य से सरकार हर गांव व हर व्यक्ति तक पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ जोड़ा जा रहा है। नांगल चौधरी के विधायक डा. अभय सिंह यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार इस कार्य को बखूबी पूरा कर रही है और लगातार इन कार्यक्रमों के जरिए गरीबों को उनका हक दिलाया जा रहा है। विधायक ने नागरिकों से आह्वान किया कि वह प्रशासन की ओर से लगाए गए स्टॉल पर जाकर योजनाओं की जानकारी लें। इसके अलावा जो मौके पर ऑन द स्पॉट सेवाएं दी जा रही है, उसका फायदा उठाएं। अटेली विधायक सीताराम यादव ने कहा कि मनोहर-मोदी की डबल इंजन की सरकार अंतोदय के सिद्धांत पर चलते हुए आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ देने का कार्य कर रही है। यह यात्रा प्रदेश के लाखों पात्र नागरिकों को योजनाओं के साथ जोड़ने का कार्य करेगी। हरियाणा सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ देने का कार्य किया है। अब गरीब नागरिकों को दफ्तर के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ती बल्कि उनके घर द्वार पर ही कार्य हो रहे हैं। पूर्व शिक्षामंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने गांव रिवासा में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार अंत्योदय के सिद्धांत पर चलती है। सरकार की ओर से चलाई जा रही यह यात्रा गरीब लोगों के आर्थिक उत्थान के लिए चलाई गई है। सरकार की ओर से चलाई जा रही इस यात्रा से गांव के हर व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचना सरकार का लक्ष्य है।

### आज इन गांवों में जाएगी विकसित

*आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को लेकर चल रही विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा 15 दिसंबर को नारनौल खंड के गांव नांगलकाठा व बापड़ोली, नांगल चौधरी खंड के गांव खातोली जाट व खातोली अहीर, कनीना खंड के गांव सिहोर व गाहड़ा तथा महेंद्रगढ़ खंड के गांव उस्मापुर व जेरपुर गांव में जाएगी।*



**महेंद्रगढ़।** ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाते ग्रामीण। **फोटो : हरिभूमि**

# जन संवाद संकल्प यात्रा भगड़ाना व रिवासा पहुंची

- यात्रा में विभिन्न विभागों ने अपनी स्टॉल लगाकर आमजन को योजनाओं का लाभ दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

विकसित जनसंवाद संकल्प यात्रा वीरवार को गांव भगड़ाना व रिवासा पहुंची। इस यात्रा में विभिन्न विभागों ने अपनी स्टॉल लगाकर आमजन को योजनाओं का लाभ दिया। सिविल सर्जन रमेश चंद्र आर्य ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई गई आयुष्मान कार्ड योजना की जानकारी दी। आयुष विभाग से डॉ. इंदुबाला ने ग्रामीणों को योगाभ्यास कराया। जिला समाज कल्याण विभाग से हनुमान सहायक ने बताया की गांव भगडाना में 5 व गांव रिवासा में 3 नागरिकों की पेंशन बनाई। गांव रिवासा में मुख्य अतिथि ने शिवानी सुपरवाइजर की अध्यक्षता में गांव की मोनिका की गोद भराई की रस्म कर उसको आशीर्वाद दिया। गांव भगडाना में मुख्य अतिथि रमेश चंद्र आर्य ने गांव के शहीद जगमाल, आनंद कुमार, नित्यानंद परिजनों गांव के स्कूल की टॉपर पायल छात्रा को भी सम्मानित किया। गांव रिवासा में पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने गांव की सबसे बुजुर्ग पुरुष रामप्रताप व महिला सरदारी स्कूल के टॉपर जतिन, अंकुश, अंशिका, नेहा, हर्ष, प्रियंका, तन्नू, सानिया को सम्मानित किया। इस मौके पर प्रो. रेशमी त्यागी, प्रो. जितेश, डॉ. रजूल सिहाग, कृषि विज्ञान केंद्र से डॉ. रमेश, बीडीपीओ अनिल कुमार, नागरिक संसाधन सूचना विभाग से मैनेजर रवि तंवर, पंचायत विभाग से सहायक धर्मपाल, डीईओ नितिन कुमार, सोनू के अलावा अन्य अधिकारी व गांव के नागरिक मौजूद थे।

# नेशनल हाईवे सर्विस लाइन पर बनाए गए स्पीड ब्रेकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



**नारनौल।** मंढाणा नेशनल हाईवे सर्विस लाइन पर बना स्पीड ब्रेकर।

नेशनल हाईवे अथॉरिटी की ओर से नारनौल-बहरोड़ रोड के अंडरपास के पास सर्विस रोड पर ब्रेकर बनवा दिए गए हैं। जिसकी बधाई देते हुए गांव मंढाणा के लोगों ने बताया कि दौंगड़ा अहीर रैली का निमंत्रण देने जब विधायक डा. अभय सिंह यादव उनके गांव में आए थे, उस समय गांव के लोगों ने विधायक के समक्ष दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए स्पीड ब्रेकर बनवाने का अनुरोध किया था। उन्होंने बताया कि विधायक ने उसी समय नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों को मोबाइल से फोन करके मंढाणा के पास नेशनल हाईवे की सर्विस लाइन पर ब्रेकर बनवाने के लिए कहा था। विधायक के अनुरोध पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ने स्पीड ब्रेकर बना दिए हैं। जिससे अब इस जगह दुर्घटनाएं नहीं होंगी।



### देवयानी स्कूल में आईआईटियन का किया सम्मान

***महेंद्रगढ़।*** *गांव बेवल स्थित देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल में पूर्व छात्रों का सम्मान किया गया। इस दौरान आईआईटी बॉम्बे मे बीटेक की छात्रा नेहा यादव और आईआईटी भूवनेश्वर में बीटेक का छात्र दीपक राव ने स्कूल पहुंचकर बच्चों से अपने विचार सांझा किए। दोनों विद्यार्थियों ने किड्स कक्षा से बारहवीं तक की पढ़ाई इसी स्कूल में ग्रहण की हैं। उन्होंने अपने अनुभव सांझा करते हुए कहा कि स्कूल में हमें शिक्षकों का उचित मार्गदर्शन मिला है, जिसकी बदौलत हमें इंडिया के टॉप संस्थान में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि हमें सोशल मीडिया से दूर रहना चाहिए। डिजिटल मीडिया का सही प्रयोग करना आना चाहिए, नहीं तो समय निकल जाएगा और हम अपने रास्ते से भटक जाएंगे। इसलिए जितना हो सके हमें किताबों और अध्यापक के सम्पर्क में रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि लगातार अभ्यास करके ही हम अपनी मंजिल को हासिल कर सकते हैं। स्कूल प्राचार्य बलवान सिंह ने बताया कि से बच्चे शुरू से ही अपनी कक्षा में अव्वल रहे है तथा इन बच्चों ने मंजिल हासिल कर यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।*



### गीता महोत्सव स्पर्धाओं में बीपीएस का बोलबाला

**नारनौल।** गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित ब्लॉक स्तरीय गीता आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, भाषण व संवाद प्रतियोगिताओं में बीपीएस के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई स्थानों पर अपना दबदबा कायम किया। विद्यालय की एक्टिविटी हैड सीमा यादव ने बताया कि आयुष, मिष्टि व रिषभ ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जूनियर स्तर पर प्रथम, यश श्लोकोच्चारण में द्वितीय, रिया निबंध लेखन में सांत्वना पुरस्कार, हर्षिता, रूचि व चिराग शर्मा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तीसरा, खुशबू ने पेंटिंग में सांत्वना पुरस्कार, किरण ने भाषण प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार, तनिषा व ईरा ने जूनियर स्तर संवाद प्रतियोगिता में तीसरा, चेष्टा ने निबंध लेखन में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त कर संस्था व अभिभावकों का मान बढ़ाया। उन्होंने बताया कि सभी बच्चे विजेन्द्र शास्त्री, सीमा यादव, रेणु जैन, पवन वषिष्ठ, नरेन्द्र सैनी के निर्देशन में इन प्रतियोगिताओं में अपनी पहचान बना पाए। इस अवसर पर एक छोटा सा सम्मान समारोह आयोजित कर सभी विजेताओं को संस्था चेयरमैन नरेश संघी व सचिव किशन चौधरी एडवोकेट ने सम्मानित किया।

### एसपीजी आईएएस स्कूल में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित



**महेंद्रगढ़।** प्रतियोगिता का शुभारंभ कराते सीईओ रोहित राव।

**महेंद्रगढ़।** शहर के डुलाना चितलांग रोड स्थित एसपीजी आईएएस स्कूल में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम में मंच का संचालन संजीव मेहरा ने किया एवं अंपायर की भूमिका कपिल कुमार ने निभाई। स्कूल सीईओ रोहित यादव ने बताया कि आज के इस युग में हमारे क्षेत्र के बच्चों में क्रिकेट के प्रति रुचि कम हो गई है जिसको बढ़ावा देने के लिए स्कूल में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। उन्होंने बताया कि खेल से स्वस्थ शरीर, स्वस्थ तन मन का विकास होता है। खेल की प्रतिभा से छात्र अपने गांव, राज्य और देश का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों के मानसिक शारीरिक विकास को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर इस प्रकार की प्रतियोगिताएं स्कूल में करवाई जाएगी। इस अवसर पर समस्त स्टाफ एवं बच्चे मौजूद रहें।

# आरती नुक्कड़ नाटक में रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी



**नांगल चौधरी।** विजेता प्रतिभागी छात्राओं को सम्मानित करते प्राचार्य डा. राष्ट्रपाल।

चौधरी बैजनाथ गर्ल्स कॉलेज में प्राचार्य डा. राष्ट्रपाल यादव की अध्यक्षता में प्रतिभाशाली छात्रा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें नारनौल आईटीआई ग्राउंड में सांस्कृतिक एवं भाषण स्पर्धा में विजेता रही छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्राओं को कलात्मक प्रतिभा निखरने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि कलात्मक और रचनात्मक शिक्षा से मानसिक विकास होता है। साथ ही विद्यार्थियों में हीन भावना का संचार नहीं होता और प्रदर्शन में निखार लाने की प्रेरणा मिलती है। इसके लिए सरकार ने कॉलेज व स्कूलों में सास्कृतिक, खेल व रचनात्मक गतिविधियां निर्धारित की हैं। आईटीआई ग्राउंड में जिला स्तरीय नुक्कड़ नाटक व भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।

स्पर्धा में कॉलेज की 22 छात्राओं ने भाग लिया था। जिनमें बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा आरती कुमारी ने प्रथम स्थान लेकर कॉलेज का गौरव बढ़ाया है। विजय लक्ष्मी के दूसरा व दिव्या सिंह ने तीसरा स्थान पाया है। शारीरिक स्वास्थ्य में मोटे अनाज की आवश्यकता पर आधारित भाषण प्रतियोगिता में कुसुम कुमारी को दूसरा, निशा कुमारी, वंशिका ने तीसरा स्थान हासिल किया। विजेता रही छात्राओं का कॉलेज परिसर में प्राचार्य व अन्य शिक्षकों ने अभिनंदन किया।




**महेंद्रगढ़।** शैक्षणिक भ्रमण करते स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### सांस्कृतिक विरासत से रुबरु होते यूरो स्कूल के विद्यार्थी

**महेंद्रगढ़।** यूरो इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण कर अपनी हरियाणा की पृष्ठभूमि को जाना। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों को ठाकरान ढाणी फार्म हाउस का भ्रमण कराया गया। जहां बच्चों ने चरखा कातना, कपड़े बुनना, चक्की चलाना, चाक पर बर्तन बनाना आदि सीखा। बच्चों ने वहां गांव के जनजीवन को करीब से जाना। हरियाणा के गांवों के रहन-सहन और वेशभूषा की जानकारी प्राप्त की । इसके साथ ही रोमांचक और साहसिक खेलों का भी भरपूर आनंद उठाया। कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों को मूवी शो दिखाया गया। जहां बच्चों ने भरपूर मौज-मस्ती कर आनंद उठाया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने कहा कि बच्चों को अपनी संस्कृति को जानना उसका ज्ञान और उससे जुड़े रहने की आवश्यकता है। इसके लिए ऐसे शैक्षणिक भ्रमण महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चेयरमैन सत्यवीर यादव ने कहा कि बच्चों के लिए जितनी शिक्षा आवश्यक है उतना ही उनका शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य जरूरी है, जिसके लिए उन्हें विद्यालय से बाहर प्रकृति की गोद में सांस्कृतिक विरासत का भी ज्ञान देना चाहिए।

# सवितराज बने टाईगर क्लब के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



**नारनौल।** बैठक करते टाईगर क्लब के सदस्य। **फोटो : हरिभूमि**

टाईगर क्लब विस्तार अभियान कार्यक्रम की बैठक अटेली अनाज मंडी में हुई। जिसकी अध्यक्षता टाईगर क्लब परिवार के मुख्य संरक्षक राकेश यादव ने की। बैठक में टाईगर क्लब परिवार की अटेली शाखा के प्रधान पद के लिए बजरंग दल के जिला अध्यक्ष बिट्टू लांबा ने गांव फतेहपुर निवासी सवितराज के नाम का अनुमोदन किया। जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से सवितराज को प्रधान चुना। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने सवितराज को टाईगर क्लब परिवार अटेली शाखा का प्रधान बनने पर बधाई दी। नवनियुक्त प्रधान सवितराज ने कहा कि जल्द टाईगर क्लब परिवार अटेली शाखा की संपूर्ण कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। सदस्यता अभियान के तहत युवाओं को जोड़ा जाएगा। टाईगर क्लब परिवार के मुख्य संरक्षक राकेश यादव ने बताया कि जल्द टाईगर क्लब परिवार विस्तार अभियान के तहत महेंद्रगढ़, नांगल चौधरी, कनीना शाखा का गठन कर टाईगर क्लब परिवार का विस्तार किया जाएगा। इस मौके पर टाईगर क्लब परिवार के मुख्य संरक्षक राकेश यादव, टाईगर क्लब परिवार के कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र बंसी, बजरंग दल के जिला अध्यक्ष बिट्टू लांबा, विक्रम शर्मा, डीपी डिकोस्टा, प्रवीन यादव, टाईगर क्लब परिवार अटेली शाखा प्रधान सवितराज, अमित, रोहित, अनिल आदि मौजूद रहे।

# नारनौल की हर्षिता एलेट परीक्षा में देशभर में पांचवां स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज नारनौल




शहर की बेटी हर्षिता गर्ग ने नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी दिल्ली की ओर से आयोजित ऑल इंडिया लॉ एंट्रेंस टेस्ट में देशभर में पांचवां स्थान हासिल कर शहर व जिले का नाम रोशन किया है। हर्षिता की इस उपलब्धि पर मार्केट कमेटी के निवर्तमान चेयरमैन जेपी सैनी, नगर पार्षद अजय सिंघल, तरुण गर्ग, बिल्लू ठेकेदार, शंकर स्वीट्स वाले बालकिशन सैनी, कृष्ण गोपाल सोनी व पंकज पचेरवाल आदि ने उनको बधाई दी है। शहर के हुडा सेक्टर एक निवासी हरगोविंद गर्ग की पौत्रि हर्षिता गर्ग पुत्री नवल गर्ग ने देश भर में आयोजित एलेट परीक्षा में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। यह परीक्षा नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीए नई दिल्ली के एडमिशन के लिए 10 दिसंबर को पूरे देश में आयोजित की गई थी। जिसमें पूरे देश के परिक्षार्थियों ने भाग लिया था। इस परीक्षा में हर्षिता गर्ग ने पांचवां स्थान प्राप्त किया है। हर्षिता की प्रारंभिक शिक्षा आधारशिला विद्यापीठ विद्यालय हुडिना से हुई व उसके बाद की शिक्षा आरपीएस महेंद्रगढ़ व आरपीएस नारनौल से प्राप्त की।

**अभियान** | यूथ रेडक्रॉस व नशा मुक्ति प्रकोष्ठ के सानिध्य में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया

# नशा एक दीमक है, जो समाज व राष्ट्र को कर रहा खोखला: प्राचार्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल




**नारनौल।** शपथ लेता कॉलेज स्टॉफ व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस व नशा मुक्ति प्रकोष्ठ के सानिध्य में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्या डा. पूर्ण प्रभा ने की। महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस व नशा मुक्ति प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डा. चंद्रमोहन ने बताया प्रदेश सरकार व प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर महाविद्यालय में समय-समय पर नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाए जाते है। महाविद्यालय नशा के प्रति हमेशा आवाज बुलंद कर रहा हैं। इसी कड़ी में स्टॉफ सदस्यों व विद्यार्थियों को नशा एक अभिशाप विषय पर सेमिनार, एक रैली के साथ नशा मुक्ति जागरूकता शपथ व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्या डा. पूर्ण प्रभा ने बताया कि नशा एक ऐसी बुराई है, जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देती है। नशा एक दीमक की तरह है, जो इंसान को अंदर-अंदर खोखला बना देता है। इसके बाद इंसान का स्वास्थ्य खराब होता है। जिस कारण वह कोई काम नहीं कर सकता। नशा बहुत तेजी से आज के युवाओं को अपनी चपेट में ले रहा है। नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति परिवार के साथ समाज पर बोझ बन जाता है। युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा नशे की लत से पीड़ित है। प्रदेश सरकार व प्रशासन इन पीड़ितों को नशे के चुंगल से छुड़ाने के लिए नशा मुक्ति अभियान लगातार चला रहा है। शिक्षण संस्थाओं में शराब व गुटखे पर रोक लगाने के प्रयास करती है। नशे के रूप में लोग शराब, गांजा, जर्दा, ब्राउन शुगर, कोकीन, स्मैक आदि मादक पदार्थोंर् का प्रयोग करते हैं, जो स्वास्थ्य के साथ सामाजिक व आर्थिक दोनों लिहाज से ठीक नहीं है। नोडल अधिकारी डा. चंद्रमोहन ने बताया कि शराब, चीट्टा, भूकी, कोकीन, चरस, अफीम लोगों में उत्तेजना बढ़ाने का काम करती है।

जिससे समाज में अपराध व गैरकानूनी हरकतों को बढ़ावा मिलता है। इन नशीली वस्तुओं के उपयोग से व्यक्ति पागल व सुप्तावस्था में चला जाता है। उप जिला चिकित्सा अधिकारी डा. हर्ष चौहान ने बताया कि शराब व तम्बाकू के सेवन से तपेदिक, निमोनिया व सांस की बीमारियों का सामना करना पड़ता है। इसके सेवन से जन-धन दोनों की हानि होती है। हिंसा, बलात्कार, चोरी, आत्महत्या आदि अनेक अपराधों के पीछे नशा एक बहुत बड़ी वजह है। शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए एक्सीडेंट करना, शादीशुदा व्यक्तियों द्वारा नशे में अपनी पत्नी से मारपीट करना आम बात है। नागरिक अस्पताल से मनोचिकित्सक डा. अनिल कुमार ने कहा कि युवाओं में नशे के बढ़ते चलन के पीछे बदलती जीवन शैली, परिवार का दबाव, परिवार के झगड़े, इंटरनेट का अत्यधिक उपयोग, एकाकी जीवन, परिवार से दूर रहने जैसे अनेक कारण हो सकते है। महाविद्यालय उप प्राचार्य डा. जगजीत सिंह मोर ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति के जागरूकता के नारे लगवाएं।

## खबर संक्षेप

### स्कूल बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**कनीना।** कनीना-अटेली रोड पर गांव भोजावास में नजदीक इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास वीरवार शाम स्कूल की बस से बाइक की आमने सामने की भिड़ंत में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, उसका दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान कनीना निवासी रॉकी के रूप में हुई है। घायल नितिन ककराला निवासी बताया गया है।

### कोका में एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता 17 को

**कनीना।** खंड के गांव कोका में 17 दिसंबर को जूनियर एथलेटिक्स टीम का चयन किया जाएगा। कोच कुश गुर्जर व सचिव प्रदीप यादव ने बताया कि जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन की ओर से बाबा जवाहर दास खेल मैदान में सुबह नौ बजे आयोजित होने वाली इस चयन प्रतियोगिता में 14 व 16 आयुवर्ग के युवक व युवतियां भाग ले सकते हैं।

### वार्षिक आर्य महा सम्मेलन 16 व 17 को

**नारनौल।** आर्य समाज सेका का वार्षिक आर्य महासम्मेलन 16 व 17 दिसंबर को गांव सेका में पंचायत भवन के पास होगा। इस संबंध में भाजपा जिला कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष सतबीर सिंह यादव ने बताया कि इस दो दिवसीय महासम्मेलन में दोनों दिन सुबह साढ़े आठ बजे से 10 बजे तक हवन होगा। सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक भजन व उपदेश होंगे। इसके बाद रात साढ़े सात बजे से 12 बजे तक भजन होंगे।

### एसडी विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर 24 को

**कनीना।** एसडी विद्यालय विद्यार्थियों को शिक्षा ही नहीं बल्कि आमजन के लिए समय-समय पर सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी करता है। इसी कड़ी में एसडी शिक्षा समिति ककराला की ओर से 24 दिसंबर को निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया जाएगा।

### शिविर में हुई 17 मरीजों की जांच

**महेंद्रगढ़।** यादव धर्मशाला के मुख्य सभागार में यादव सभा के प्रधान एडवोकेट अभयराम यादव की अध्यक्षता में यदुवंशी अस्पताल रेवाड़ी एवं यादव सभा महेंद्रगढ़ के सौजन्य से निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया की शिविर में यदुवंशी अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सुप्रतिक्ष यादव ने रोगियों की हृदय जांच की व इसके पश्चात डॉ. सुप्रतिक्ष यादव ने 17 रोगियों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया।

### गुणवत्तापूर्ण शोध के लिए कड़ी मेहनत करें शोधार्थी

**महेंद्रगढ़।** गांव जाट पाली स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में मीडिया शोध संरचना विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि हिसार के सामाजिक संकाय अधिष्ठाता प्रो. मनोज दयाल कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने ने कहा कि मीडिया शोध के क्षेत्र में शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों के लिए आपार संभावनाएं हैं।

# नांगल चौधरी उपमंडल से हटवाए गए नारनौल ब्लॉक के गांव

- उपमंडल का ढांचा केवल वही रखा गया है, जो पहले से नांगल चौधरी तहसील का रहा : :विधायक डा. अभयसिंह

**हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल**

नांगल चौधरी उपमंडल के क्षेत्रफल एवं गांवों की सूची में संशोधन किया गया है और इससे नारनौल ब्लॉक के आए सभी गांवों को हटा दिया गया है। उपमंडल का ढांचा केवल वही रखा गया है, जो पहले से नांगल चौधरी तहसील का रहा है। यह जानकारी विधायक डा. अभयसिंह यादव ने दी।

उन्होंने बताया कि इसे किसी को भी मुद्दा बनाने की आवश्यकता नहीं है और जनहित के अनुसार नांगल चौधरी उपमंडल के गांवों की सूची संशोधित कर दिया गया है। गौरतलब है कि जब नांगल चौधरी को उपमंडल बनाने की तैयारी चल रही थी, तब जिला प्रशासन की ओर से कुछ गांवों की सूची बनाई थी, जिसमें नारनौल ब्लॉक के 16 गांव भी शामिल कर लिए गए थे, इनमें में बदोपुर, बलाहा कलां, बलाहा खुर्द, भांखरी, दौचाना, गहली, गोद, हमींदपुर, जादूपुर, खटोटी कलां, खटोटी खुर्द, कोरियावास, कुलताजपुर, मकसूसपुर, रघुनाथपुरा व थाना शामिल थे।

विधायक डा. अभयसिंह यादव ने बताया कि उन्हें जब यह पता चला कि नांगल चौधरी उपमंडल में नारनौल ब्लॉक के इन गांवों को शामिल किया जा रहा है तो उन्होंने चंडीगढ़ बैठे उच्चाधिकारियों से संपर्क किया और नारनौल ब्लॉक के इन 16 गांवों को हटवाकर नई लिस्ट जिला प्रशासन के मार्फत तैयार करवाई गई है।


जिले में अब उपमंडलों की संख्या हुई चार, नारनौल के गांवों को काटकर बनाया गया नया सब डिवीजन
नांगल चौधरी को मिला उपमंडल का दर्जा नारनौल के नजदीक 16 गांव भी शामिल

13 दिसंबर को हरिभूमि में प्रकाशित समाचार।

**यह गांव हैं उपमंडल शामिल**

नांगल चौधरी उपमंडल में नांगल चौधरी, लूजोता, मोमनपुर, कालबा, सिरोही बहाली, अकबरपुर सिरोही, चैक मलिकपुर, भुंगारका, शिमली इस्मालपुर, नेहरू नगर, आकोली, मूलोदी, इकबालपुर नंगली, भोजावास, बीड़ शिमली, श्योरामनाथपुरा, नांगल कालिया, छापड़ा बीबीपुर, नांगल पीपा, तोताहेडी, नायन, नांगल सोडा, बामनवास खेता, मोरूंड, नियामतपुर, गोठड़ी, आसरावास, थनवास, बूढ़वाल, रायमलिकपुर, अमरपुरा, नांगल नूनिया, उदयपुर कटारिया, बनिहाड़ी, दताल, नौलायजा, निजामपुर पवेरा, छिलरो, नापला, आजमाबाद मौखूता, बामनवास नूं, नारहेड़ी, पांचनौता, रोपड़ सराय, नियाजलीपुर, गांवड़ी जाट, गांगूताना, गोलवा, बायल, नांगल दर्गू, मोसनूता, बखरीजा, बिगोपुर, धौलेड़, इस्लामपुरा, सरेली, कमानियां, खातौली अहीर, खातौली जाट, दोंगली, ख्वाजपुर नांगलिया, बेरूंडला, मेघोत हाला, मेघोत बिंजा, जैनपुर, मौसमपुर, बिहारीपुर, आंतरी, शहबाजपुर, दौखेरा, दोस्तपुर, भेडंटी व सैदअलीपुर शामिल हैं।

### बीएसएनएल ब्रॉडबैंड सर्विस सप्ताहभर से ठप

**कनीना।** क्षेत्र में बीएसएनएल की लैंडलाइन ब्राडबैंड सर्विस पिछले सप्ताहभर से ठप पड़ी है। जिसके चलते कम्प्यूटर सिस्टम खिलौने बने हुए हैं। लैंडलाइन ब्राडबैंड में पिछले शनिवार से आई खराबी का खमियाजा ग्राहकों को भुगतना पड़ रहा है। इंटरनेट कनेक्टिविटी नहीं होने से उपभोक्ता देश-दुनिया से कटा हुआ महसूस कर रहे हैं। इस बारे में बीएसएनएल लैंडलाइन ब्राडबैंड सर्विस इस्तेमाल करने वाले ग्राहक सुनील कुमार व कुलदीप ने बताया कि सप्ताहभर से ब्राडबैंड सेवा ठप पड़ी हुई है।बीएसएनएल एक्सचेंज कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों से इस संदर्भ में शिकायत दर्ज कराई जाती है, तो उनकी ओर से गुरुग्राम स्थित बीएसएनएल सिस्टम को दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने की बात कही जाती है। जिसके चलते प्रतिदिन सायं तक ब्राडबैंड सेवा बहाल होने का आश्वासन दिया जाता।

## नारनौल बार एसोएिशन के चुनाव की सभी तैयारियां पूरी

# बार एसोसिएशन का चुनाव आज, प्रधान व सचिव पद के लिए होगा मुकाबला

**मतदान में रखी जाएंगी सफेद एवं पीले रंग की मतपेट्टियां, पेन से चुनाव चिह्न पर लगाना होगा सही का निशान, 755 करेंगे मतदान**

**हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल**

बार एसोसिएशन नारनौल चुनाव 15 दिसंबर को प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित करवाए जाएंगे। मतदान बैलेट पेपर से होगा तथा मतदाता चुनाव चिह्न के आगे, जिसे वह अपना मत देना चाहें, वहां पेन से सही का निशान लगाना होगा। मतदान के तुरंत बाद मतगणना की जाएगी तथा सायंकाल को ही परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। नारनौल बार में केवल प्रधान एवं सचिव पद का चुनाव होना है, क्योंकि शेष पदों का चुनाव अंतिम दौर में केवल एक-एक नामांकन ही रह जाने से पहले ही निर्विरोध हो चुका है। यह जानकारी देते हुए मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि नारनौल बार में कुल 755 मतदाता हैं, जो अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। उनके साथ एआरओ एडवोकेट रामजीलाल यादव एवं एआरओ एडवोकेट रणधावा सिंह समेत अन्य अधिवक्तागण भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि मतदान केवल दो पदों के लिए होगा, जिनमें प्रधान एवं सचिव पद शामिल हैं। इस चुनाव की तैयारियों को वीरवार को वकीलों की मौजूदगी में अंतिम रूप दिया गया तथा मत पेट्टियां तैयार की गई। केवल दो ही मतपेट्टी रखी जाएंगी, जो अलग-अलग पद अनुसार होंगी। यानि एक पेट्टी प्रधान की और दूसर पेट्टी सचिव पद की होंगी। जिनमें वकील मतदाता अपने-अपने मत को पोल करेंगे। चुनाव से पहले चुनाव अधिकारियों ने मतदान के नियम व शर्तें लागू कर दी हैं। चुनाव अधिकारी ने बताया कि मतदान महिला बार रूम में होगा। मतदान केंद्र में या तो उम्मीदवार स्वयं या उसका एजेंट एक समय एक ही व्यक्ति हाजिर रह सकेगा। मतगणना मतदान के तुरंत बाद शुरू कर दी जाएगी और मतगणना के दौरान वोटिंग बूथ से चुनाव घोषित होने से पहले कोई भी बाहर नहीं जा सकेगा। मतगणना के समय किसी भी उम्मीदवार व एजेंट के पास कोई पेन, पेंसिल या मोबाइल फोन की अनुमति नहीं होगी। सबको तलाशी से गुजरना होगा। मतदान केंद्र पर मतदाता को फोटोयुक्त पहचान पत्र जैसे एनरोलमेंट कार्ड या बार द्वारा जारी आईडी साथ लेकर आनी होगी। मतदान केंद्र में फोन का उपयोग वर्जित रहेगा। यदि कोई मतदान के दौरान फोन का उपयोग करता हुआ पाया गया तो उसका वोट रद्द कर दिए जाएगा तथा दूसरा मत पत्र भी नहीं मिलेगा। मतदान दो पदों के लिए होगा तथा दोनों के मतपत्रों का रंग भी अलग-अलग होगा। मतपेट्टियां भी अलग-अलग रंग की होंगी। रंग के अनुसार वोट नहीं मिलने पर वोट रद्द कर दिया जाएगा। वोटर को चुनाव चिह्न के आगे सही का निशान केवल पेन से लगाना होगा। रंग या स्याही से लगाया गया निशान वर्जित होगा। वोट बराबर आने की स्थिति में फैसला टॉस से होगा तथा चुनाव कमेटी का फैसला अंतिम होगा। मतदाता सूची में अपना क्रमांक नंबर देखकर आएं, ताकि मतदान में सुविधा बनी रहे। आकस्मिक स्थिति उत्पन्न होने पर चुनाव कमेटी का निर्णय अंतिम होगा।


**नारनौल।** बार एसोसिएशन चुनाव के लिए तैयार अधिवक्तागण। *फोटो : हरिभूमि*

**इनके बीच होना है मुकाबला**

बार चुनाव में प्रधान एवं सचिव पद के लिए मुकाबला होना है। प्रधान पद के उम्मीदवारों में एडवोकेट मंजीत सिंह यादव तथा एडवोकेट संतोख सिंह यादव के बीच आमने-सामने का मुकाबला बना हुआ है। इसी प्रकार सचिव पद के लिए सुमित चौधरी एवं हेमंत शर्मा चुनाव मैदान में हैं। इन्हीं कंडीडेटों के बीच चुनावी मुकाबला बना हुआ है।

**यह चुने गए हैं निर्विरोध**

बार चुनाव में उपप्रधान पद के लिए केवल एक ही नामांकन आने से सबसे पहले एडवोकेट विनय कुमार निर्विरोध चुने गए थे। बाद में ज्वाइंट सैक्रेट्री अश्विनी सिंह, खजांची विपिन कुमार, ऑडिटर सुगन सिंह तथा लाइब्रेरियन कार्तिक यादव का चुनाव निर्विरोध हो चुका है।


**महेंद्रगढ़।** कार्यक्रम में भाग लेती महिलाएं। *फोटो : हरिभूमि*

# उचाना में महिला आक्रोश सम्मलेन 31 को: सुनैना

- सम्मलेन में पहुंचने का निमंत्रण दिया

**हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़**

इंडियन नेशनल लोकदल की ओर से शहर के मोहल्ला छाजूपुरम के पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के आवास पर महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी प्रधान महासचिव सुनैना चौटाला ने कहा की आज प्रदेश में कानून व्यवस्था का दिवाला पिट चुका है। हमारी बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। अभिभावक स्कूल, कॉलेज में बेटियों को भेजने पर चिंतित रहते हैं। उचाना कॉलेज की घटना का जिक्र करते हुए कहा की यह सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि बेटियों को सुरक्षा प्रदान करें। उन्होंने 31 दिसम्बर को उचाना में प्रदेश स्तरीय महिला आक्रोश सम्मलेन में पहुंचने का निमंत्रण भी दिया। सुनैना चौटाला कहा कि मौजूदा सरकार आय को आधार बना कर बुजुगार्ं की पेंशन काटने का काम कर रही है, वहीं इनेलो सरकार बनने पर 60 वर्ष आयु को आधार मान कर पेंशन 7500 रुपये दी जाएगी और हर ग्रहणी को एक सिलेंडर निःशुल्क देंगे। हर महिला को घर की रसोई सुचारु रूप से चलाने के लिए 1100 रुपये प्रति माह देंगे। उन्होंने सरकार पर झूठ बोल कर वोट लेना का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने 15 लाख रुपये देने का वादा किया था, जो पूरा नहीं किया। वहीं नोट बंदी से कला धन वापस नहीं आया, बल्कि सारा देश परेशान हुआ। इनेलो सरकार बनने पर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम फिर से शुरु किया जाएगा। जिला प्रधान सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि आज महेंद्रगढ़ जिले की हालत बहुत खराब हो चुकी है, जिसके लिए भाजपा नेता रामबिलास शर्मा व विधायक राव दान सिंह जिम्मेदार हैं। दोनों के 45 साल बनते हैं, जिन्होंने कोई काम नहीं करवाया। इनेलो की सरकार बनने पर अभय सिंह चौटाला ने वादा किया है कि हर घर के एक युवा को सरकारी नौकरी देंगे। मंच संचालन जिला प्रवक्ता नवनीत सिंह ढिल्लों ने किया। मौके पर कृष्णा जांगड़ा, सतोष देवी, एकता कौशिक, राजबाला, कविता सोनी, कृष्णा गौड़, लक्ष्मी सैनी, रामा स्वामी, मालती देवी, लीलावती, सरला देवी, कमलेश देवी, पूजा सैनी, हिमानी , पूनम, बिल्लू , छंगाराम , युवा जिला प्रधान दीपक यादव, वेदप्रकाश नंबरदार, लाल सिंह, कृष्ण, अमर सिंह जांगड़ा, सतपाल, महाबीर सैनी व ब्रह्मदत्त वाल्मीकि आदि उपस्थित थे।

# बीआर ज्ञानदीप में हिन्दी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

- प्रतियोगिता में भारती, मानसी, प्रियांशु, दीपिका, खुशी, गौरव, पीयूष, नैंसी, काव्या, ध्रुव और अंशु विजेता रहें

**हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़**

बीआर ज्ञानदीप विद्यालय में हिन्दी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए विद्यालय की ऑब्जर्वर उमेश यादव ने बताया कि कक्षा दूसरी से पांचवी के विद्यार्थियों के लिए इंटर हाउस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी चारों सदनों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता एमसीक्यू, विजुअल, फास्ट एंड फ्यूरियस, रैपिड फायर और बजर राउंड के बीच आयोजित हुई। सभी राउंड में बच्चों के ज्ञान के हर पहलू को परखा गया। प्रतियोगिता में भारती, मानसी, प्रियांशु, दीपिका, खुशी, गौरव, पीयूष, नैंसी, काव्या, ध्रुव और अंशु विजेता रहें। विद्यालय चेयरमैन आरआर यादव ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि क्विज छात्रों को समस्या सुलझाने के कौशल विकसित करने में मदद करती है और उन्हें सोचने के दबाव को संभालने और विषय को पूरी तरह से खोजने और समझने के दौरान एक टीम खिलाड़ी बनने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। मौके पर विद्यालय की प्राइमरी हेड सीमा शर्मा, शशि, ज्योति, मिडिल हेड सुजान, अंकित व पूजा आदि उपस्थित रहे।


**महेंद्रगढ़।** प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

# राव बहादुर सिंह ने किया गांवों का दौरा

- सभी ग्रामीणों को यदुवंशी के भव्य कार्यक्रम का निमंत्रण दिया
- विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया

**हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़**

यदुवंशी शिक्षा निकेतन ग्रप के चेयरमैन व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने यदुवंशी के स्थापना दिवस कार्यक्रम को लेकर वीरवार को विभिन्न गांवों का दौरा कर विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया। उन्होंने भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव नांधा, नांधा ढाणी, लाड, ढाणी सुरजा, आर्यनगर, गोबिंदपुरा, खोरड़ा, किशनपुरा, भांडवा, कारीमोद, कारी धारणी, कारीदास, कारीरूपा, कारीतोखा, श्यामकलान, द्वारका, डांडमा, भोपाली, सिरसली, लाडास, उमरवास, जीतपुरा तथा भारीवास का दौरा कर सभी ग्रामीणों को यदुवंशी के भव्य कार्यक्रम का निमंत्रण दिया। राव बहादुर सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनावों में क्षेत्र की जनता ने अपना मन बना लिया है कि वे उनका पूरा समर्थन करेगी ताकि जनता के बीच का व्यक्ति देश की सबसे बड़ी पंचायत का हिस्सा बन सके। उन्होंने कहा कि देश के विकास में सबसे बड़ा योगदान शिक्षा का होता है, जो यदुवंशी ने सार्वभौमिक सत्य सिद्ध कर दिखाया। राव ने न केवल महेंद्रगढ़ जिले को शिक्षा का हब बनाया अपितु पूरे हरियाणा में शिक्षा का प्रचार-प्रसार कर विद्यार्थियों को डॉक्टर, इंजीनियर, एनडीए, सीए, जज आदि सवार्च्च पदों पर आसीन कर देशहितार्थ शिक्षा रूपी यज्ञ को सफल बनाया। उन्होंने कहा कि शिक्षा दुनिया की सबसे बड़ी ताकत है। लक्ष्य निर्धारित करने से पहले बच्चों को किताबों से प्यार करना होगा। यही हमने पूर्ण रूप से सिखाया है। उन्होंने कहा कि आपका सहयोग व प्रेम याद रहेगा और वह हमेशा पूर्ण रूप से सभी का सहयोग करता रहेगा। मौके पर जिला पार्षद पूनम देवी, जीवन राम, सत्यवीर झूकिया, पूर्व जिला पार्षद ढिल्लू, सरपंच राजबीर मनफरा, टिल्लू सरपंच, बबीता भारती, थान सिंह, रघुनाथ सिंह व पूर्व सरपंच धर्मेन्द्र आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


**महेंद्रगढ़।** ग्रामीणों को संबोधित करते पूर्व विधायक। *फोटो : हरिभूमि*

### लोन पास करने के एवज में ठगी मामले का आरोपित गिरफ्तार

**कनीना।** लोन पास करवाने के एवज में पैसे ठगने के मामले में थाना शहर पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान सबीर अली वासी बुचा खेड़ी यूपी हाल आबाद नंद बिहार कॉलोनी पानीपत के रूप में हुई। पुलिस ने में आरोपित के पास से 20 हजार बरामद किए हैं। पुलिस ने पता लगाया कि आरोपित एयरफोर्स में भर्ती करवाने के नाम पर पैसे ठगने के मामले में सितंबर माह में गिरफ्तार हुआ था। शिकायतकर्ता गजराज सिंह वासी करीरा कनीना ने थाना शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005


## जोनल स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

# जिले की टीमों ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाया

**हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल**

हरियाणा काउंसिल ऑफ साइंस इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी विभाग पंचकूला के तत्वावधान में डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-49 गुरुग्राम में जोनल स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता दो चरणों में हुई, जिसमें पहले दिन सीबीएसई व दूसरे दिन हरियाणा बोर्ड से संबंधित विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया, जो जिला स्तर पर प्रथम पांच स्थान पर रही थी। गुरुग्राम जोन के छह जिले महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नूंह व पलवल की कुल 30-30 टीमों ने भाग लिया जाना था।

इस प्रतियोगिता में हरियाणा शिक्षा बोर्ड ग्रुप में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर महेंद्रगढ़ जिला की ही टीम ने स्थान पाया है, वहीं सीबीएसई ग्रुप में जिला की टीम दूसरे नंबर पर रही है।


**नारनौल।** प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

**टीमें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी**

जिला विज्ञान विशेषज्ञ रविन्द्र कुमार ने बताया कि 13 दिसंबर को सीबीएसई के स्कूलों के बीच यह प्रतियोगिता हुई। 27 टीमों से पहले लिखित परीक्षा ली गई। लिखित परीक्षा में टॉप आने वाली आठ टीमों के बीच मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। अंतिम परीक्षा परिणाम में आरपीएस धारूहेड़ा की टीम प्रथम, आरपीएस नारनौल की टीम दूसरे स्थान तथा लोटस वैली स्कूल गुरुग्राम की टीम तीसरे स्थान पर रही। 14 दिसंबर को हरियाणा बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूलों के बीच यह प्रतियोगिता हुई। जिसमें भी 30 में से 27 टीम ही उपस्थित रही। 27 टीमों से पहले लिखित परीक्षा ली गई। लिखित परीक्षा में टॉप आने वाली आठ टीमों के बीच मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। अंतिम परीक्षा परिणाम में सरस्वती पब्लिक स्कूल भड़फ की टीम प्रथम, आरोही मॉडल मंढाणा की टीम दूसरे, बालाजी स्कूल भुंगारका की टीम तीसरे स्थान पर रही। तीनों टीम महेंद्रगढ़ जिले से रही। प्रथम रहने वाली टीम को 20000, दूसरे स्थान पर रहने वाले टीम को 15000 व तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 12000 रुपये दिए जाएंगे। यह टीमें राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

### माजरा कलां में कन्या जन्म पर कुआं पूजन

**महेंद्रगढ़।** गांव माजरा कलां में मोहित के घर कन्या का जन्म होने पर कुआं पूजन व प्रतिभोज का आयोजन किया गया। नवजात कन्या के परदादा नंदराम, बलबीर, कैप्टन सूबेसिंह, दादी हैल्थ कोच अनिता, दादा धर्मवीर, मामा सचिन व नाना सुरेंद्र ने सभी पारंपरिक रीति-रिवाजों का निर्वहन करते हुए सहभोज कर धूमधाम से कुंआ पूजन करवाकर समाज को लड़का-लड़की में भेदभाव खत्म करने का संदेश दिया। नगरपालिका की उपप्रधान मंजू कौशिक ने नवजात कन्या के परिवार को सम्मान पत्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए महिलाओं के साथ-साथ पुरुष समाज भी जागरूक होने लगा है। सर्व समाज की जागरूकता से लिंगानुपात के भेदभाव को खत्म किए जाने के सार्थक परिणाम आने लगे हैं।